हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, 14 मई 2025

9 बेहतरीन परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों में उत्साह



10 सीबीएसई परीक्षा परिणाम आने पर स्कूलों में...



## खबर संक्षेप

### शिविर में स्पेशल बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**बहादुरगढ़।** आशा किरण स्पेशल स्कूल में एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों की टीम में शामिल डॉ. सोमबीर, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. वीरभान और डॉ. कुणाल आदि ने विशेष बच्चों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की। विशेष रूप से आंखों और कान-नाक-गला की जांच की गई।

### सैनीपुरा में रोजगार मेला 4 जून को लगेगा

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर-14 में 4 जून को यूथ एंड एजुकेटिड सोसायटी की तरफ से रोजगार मेला लगाया जाएगा। इसमें कई मल्टीनेशनल कंपनियां भाग लेंगी। पात्र युवाओं को योग्यता अनुसार नौकरी दी जाएंगी। धर्मवीर सैनी ने बताया कि सैनीपुरा की पंचायती धर्मशाला में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

### शक्ति नगर में मकान के बाहर से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** शक्ति नगर में मकान के बाहर से बाइक चोरी हो गई। सोनीपत के निवासी प्रवीण ने कहा है कि वह शक्ति नगर में अपने मामा के पास आया हुआ था। गत 11 मई को अपनी बाइक मामा के मकान के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद बाहर निकला तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 31 जुलाई बाल पुरस्कार आवेदन की अंतिम तिथि

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले 18 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों को प्रदान किए जाते हैं।

### पंप हाऊस पर मिला अज्ञात महिला का शव

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव अकेहड़ी मदनपुर स्थित पंप हाऊस से एक महिला का शव मिला है। जब कर्मचारियों ने शव को देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया तथा उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी रविंद्र ने बताया कि एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंच कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। महिला की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष आंकी जा रही है। उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# छुट्टियां रद होने की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर लौट रहे जवान

## भांजे की शादी व बीमार पत्नी का उपचार को बीच में छोड़ कर ड्यूटी पर लौटा हवलदार वीरेंद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ अभी करीब दस दिन पहले छत्तीसगढ़ से एक माह की छुट्टी आया था जवान

भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के कारण जब सभी जवानों की छुट्टियां रद किए जाने की सूचना मिली तो बीएसएफ में तैनात अकेहड़ी मदनपुर निवासी हवलदार वीरेंद्र कुमार ने देश सेवा को सर्वोपरि को मानते हुए सभी पारिवारिक काम बीच में छोड़ कर बार्डर की ओर रवाना हो गए। अकेहड़ी मदनपुर निवासी बनी सिंह खटक का पुत्र वीरेंद्र कुमार अभी करीब दस दिन पहले छत्तीसगढ़ से एक माह की छुट्टी आया था। यह छुट्टी उसने पन्द्रह मई को होने वाली अपने भांजे की शादी में शामिल होने व बीमार पत्नी प्रवीण कुमारी के उपचार के लिए ली थी।

वे अभी पन्द्रह मई को रेवाड़ी में होने वाली भांजे की शादी में दिए जाने वाले भात की तैयारियों में जुटे थे कि अवकाश रद होने की सूचना मिली। इसके बाद बाद वे परिवार के अन्य सदस्यों को इस कार्य की जिम्मेदारी देकर स्वयं सोमवार की सुबह अपनी ड्यूटी संभालने के लिए के लिए रवाना हो गए। इस दौरान परिजनों द्वारा भारत माता की जय-जयकार के नारे भी लगाए।



फ्लाइट में बैठकर टिकट दिखाते हवलदार वीरेंद्र कुमार।

### बीमार पत्नी को भेजा मायके

हवलदार वीरेंद्र कुमार ने इस विकट परिस्थित में धैर्य का परिचय देते हुए झज्जर स्थित अपनी पत्नी के मायके वालों को जब अवकाश रद्द होने की बात बताई तो उन्होंने भी दरियादिली का परिचय देते हुए बेटी का उपचार कराने के लिए अपने पास बुला लिया। वीरेंद्र कुमार की पत्नी प्रवीण कुमारी पिछले कुछ दिनों से दिमागी रूप से परेशान चल रही है। ऐसे में उसे अपने पति की सबसे अधिक जरुरत थी। लेकिन जब देश सेवा की बात आई तो प्रवीण ने भी स्वास्थ्य की परवाह न करते हुए अपने पति को हंस कर विदा किया।

### बेटी का दाखिला भी अधर में लटका

वीरेंद्र कुमार की पुत्री संगीता छावला के केंद्रीय विद्यालय में आठवीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी। अब नौवीं में उसका टीसी निकलवा कर उन्होंने उसका दाखिला झज्जर के केंद्रीय विद्यालय में कराने का मन बना लिया था। लेकिन अवकाश रद्द होने के कारण यह कार्य भी अधर में लटका रह गया। ऐसे में प्रवीण कुमारी के परिजन ही संगीता के दाखिले के प्रयास में जुटे हैं। शहर की डिफेंस कालोनी निवासी संगीता के मामा देवीदर्शन ने बताया कि वे अब जहां अपनी बीमार बहन का उपचार एक निजी अस्पताल में करा रहे हैं वहीं संगीता के दाखिले के लिए भी केंद्रीय विद्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर के चलते उपजे तनाव के कारण सैन्यकर्मियों के अवकाश निरस्त हो गए हैं। कमांड से काल आने पर सैन्यकर्मी अपने स्टेशनों पर प्रस्थान कर रहे हैं। इन सैनिकों के जज्बे को देखकर हर भारतीय के मुख से निकल रहा है जय हिंद और जय हिंद की सेना।

## पॉवर स्टेशन बंद, कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित

# तेज आंधी में उड़ा टिन शेड, दो गोवंशों की मौत, भैंस घायल, कई वाहन भी क्षतिग्रस्त

माछरौली गांव क्षेत्र में 40 खंभे व एक सौ से अधिक पेड़ टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार सांय आई तेज आंधी से क्षेत्र के गांव डीघल एक टिन शेड उड़ गया। जिसके कारण दो गौवंशों की मौत हो गई जबकि भैंस घायल हो गई और कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलने पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और आनन फानन में बचाव कार्य शुरू किया।

जानकारी के अनुसार तेज आंधी के कारण पीड़ित अनिल का टिन शेड उड़ कर दूसरी ओर जा गिरा। जिसके कारण टिन के नीचे की दीवारें गिर गई और दीवार के नीचे दबने से दो गौवंशों की मौत हो गई और एक भैंस घायल हो गई। जबकि टिन शेड जिस घर में जाकर गिरा वहां भी कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। तेज आंधी के कारण पीड़ित अनिल का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।





झज्जर। डीघल गांव में टिन शेड गिरने से क्षतिग्रस्त गाड़ियां। डीघल गांव में मृतक गोवंशों को उठाते ग्रामीण।

### बहादुरगढ़ में तेज हवा के साथ बूंदाबांदी

**बहादुरगढ़।** मई माह में मौसम बार बार बदल रहा है। कभी तेज धूप निकलने से गर्मी बढ़ जाती है तो कभी आंधी व बूंदाबांदी से तापमान कम हो जाता है। मंगलवार की दोपहर तक लोगों ने खूब चिलचिलाती धूप झेली। तापमान भी 42 डिग्री पर पहुंच गया। लेकिन शाम को मौसम ने अचानक करवट ली और तेजी हवा शुरू हो गई। जिसके बाद कुछ देर तक बूंदाबांदी हुई। देर शाम तक आसमान में बादल छाए हुए थे। बरसात के आसार बने हुए थे। मौसम में आए बदलाव से तापमान नीचे गिरा और लोगों को गर्मी से थोड़ी निजात जरूर मिली।

### क्षेत्र के दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित

तेज आंधी के कारण माछरौली गांव क्षेत्र में करीब 40 बिजली के खंभें और एक सौ से अधिक पेड़ गिर गए।

जिसके कारण आसपास क्षेत्र के दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति और यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। पॉवर स्टेशन भी बंद हो गया। जिसके कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली निगम के कर्मचारी बिजली आपूर्ति सुचारू करने के प्रयास में जुटे रहे।

### तापमान में गिरावट मौसम हुआ सुहाना

उधर, मंगलवार दिन की शुरूआत तेज धूप के साथ हुई। दिन भर आसमान में चिलचिलाती धूप निकली रही। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। लेकिन सांय ढलते ही मौसम का मिजाज एकाएक बदला और आसमान में बादल छा गए। तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी होने लगी। जिसके कारण लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। जबकि बाहरी क्षेत्रों में तेज आंधी आफत बनकर बरसी और आमजन, बिजली निगम और वन विभाग को भारी नुकसान हुआ।



बहादुरगढ़। एक्सईएन के साथ चर्चा करते जसबीर सैनी व सोनू सिदीपुर।

# साढ़े 23 करोड़ रुपये में सुधरेगी सड़कों की हालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ ग्रीवेंस कमेटी सदस्य जसबीर सैनी ने सीएम सैनी का आभार जताया

क्षेत्र में सड़कों की बदहाल सूरत को ठीक करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा साढ़े 23 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस धनराशि से सड़कों की सेहत सुधारी जाएगी।

इसके लिए ग्रीवेंस कमेटी सदस्य जसबीर सैनी ने सीएम नायब सैनी का आभार जताया है। पीडब्ल्यूडी द्वारा रोहद-बादली रोड से मेहंदीपुर रोड, मांडोठी गौशाला रोड, जसोरखेड़ी से कुलासी, लडरावन से कुतबगढ़, मुकंदपुर अप्रोच रोड, मांडोठी से आसोदा, एनएच-9 से मांडोठी गौशाला, इस्सरहेड़ी से झाड़ौदा बॉर्डर, सेक्टर-6 से कसार रोड की हालत सुधारी जाएगी। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल रोहिल्ला से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की खस्तहाल सड़कों की मरम्मत को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सड़कों की मरम्मत के लिए सीएम नायब सैनी ने लगभग साढ़े 23 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति की है। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण के दौरान गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। दिल्ली रोहतक रोड को मॉडल रोड बनाया जाएगा। इस रोड पर इनफार्मेशन बोर्ड, कैट आईज, जेपीबी ऑन एज व हजार्ड मार्कर आदि लगाए जाएंगे। इस अवसर पर सोनू सिदीपुर, पुनीत सैनी, राजपाल व नीरज आदि मौजूद रहे।

## चेयरपर्सन ने किया अभिनव का सम्मान



बहादुरगढ़। अभिनव दलाल का सम्मान करतीं चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** सीएसआईआर नेट जेआरएफ में देश में पांचवां रैंक हासिल करने पर नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने अभिनव दलाल का सम्मान किया। उन्होंने अभिनव के माता-पिता व परिजनों को भी बधाई दी। सरोज राठी ने कहा कि सभी बच्चे अभिनव की भांति लक्ष्य बनाकर शिक्षा ग्रहण करें और उसे हासिल करने तक निरंतर प्रयासरत रहें। इस अवसर पर आजाद राठी, सुमेर राठी, दलीप राठी, प्रवीन राठी, राजवंती, सरोज, मीनू राठी, सुमन, निर्मला, सुभाष, पंडित अजय शास्त्री, पार्षद ज्योति रोहिल्ला, संदीप व मनमोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार कर्मी की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव धनिरवास के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक कर्मचारी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान धनिरवास गांव निवासी करीब पचास वर्षीय देवेंद्र पुत्र कंवरलाल के तौर पर हुई है। देवेंद्र झाड़ली के एनटीपीसी प्लांट में काम करता था। जब वह सोमवार की शाम को प्लांट से ड्यूटी खत्म करके मोटरसाइकिल पर वापिस घर लौट रहा था तो गांव के नजदीक ही उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद गंभीर रूप से घायल देवेंद्र की मौत हो गई। मामले के जांच अधिकारी जगबीर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि धनिरवास गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हुई है। मामले में मृतक देवेंद्र के बेटे अभिषेक के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



झज्जर। मृतक देवेंद्र का फाइल फोटो।

## गाड़ी का शीशा तोड़ पर्स व घड़ी चुरी, कोर्ट कांप्लेक्स की पार्किंग में दिन दहाड़े वारदात

■ इस तरह की कई वारदात हो चुकी

**बहादुरगढ़।** कोर्ट कांप्लेक्स की पार्किंग में खड़ी अधिवक्ता की गाड़ी का शीशा तोड़कर पर्स व घड़ी चुरा ली गई। अधिवक्ता ने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ओमेक्स के निवासी मंजीत ने कहा है कि वह बहादुरगढ़ अदालत में वकालत करते हैं। मंगलवार की सुबह उन्होंने अपनी कार कोर्ट कांप्लेक्स की पार्किंग में खड़ी की थी। दोपहर करीब 12 बजे वह पार्किंग में आए तो उनकी गाड़ी का कंडक्टर साइड का शीशा टूटा हुआ था। फिर जांच की तो गाड़ी के अंदर से एप्पल की घड़ी तथा पर्स गायब था। पर्स में उनके पांच हजार रुपये, क्रेडिट-डेबिट कार्ड सहित अन्य दस्तावेज थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। उधर, पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक करेगी। बता दें कि बहादुरगढ़ में इस तरह की कई वारदात हो चुकी हैं।

## महिला को बंदूक दिखाकर धमकी दी और कुल्हाड़ी से किया हमला, पति पर आरोप

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाने के अधीन लगते एक गांव में महिला को बंदूक दिखाकर धमकी देने व कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला सामने आया है। मारपीट में महिला को काफी चोट आई है। मामला कुछ दिनों पुराना है लेकिन पीजीआई से छुट्टी मिलने के बाद महिला ने शिकायत दी है। पीड़िता का कहना है कि उसका पति उसके साथ मारपीट करता है। बार बार बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी देता है। वह किसी अन्य महिला से मेरे सामने वीडियो कॉल करता है और मुझे प्रताड़ित करता है। इस प्रताड़ना में सास भी सहयोग करती है। गत पांच मई को भी मेरे साथ बुरी तरह से मारपीट की। कुल्हाड़ी से वार किए गए। मारपीट कर घर से बाहर निकाल दी। मैंने अपनी मां को बुलाया तो उनके साथ भी हाथापाई की गई। फिर मेरी मां ने मुझे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# नि:शुल्क कोचिंग से कबाड़ी का बेटा बना पुलिसकर्मी

विद्यादान-महादान व भगतसिंह मैत्री संस्था के सहयोग से चल रही कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विद्यादान-महादान व भगतसिंह मैत्री संस्था के सहयोग से संचालित निशुल्क कोचिंग क्लास में 6 महीने कोचिंग लेकर धर्मपुरा निवासी युवा मयंक ने उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। मयंक के पिता कबाड़ी का कार्य करते हैं और अब उनके बेटे को कॉन्स्टेबल के रूप में सरकारी नौकरी मिल गई है।

क्षेत्र में निशुल्क कोचिंग प्रदान कर रहे विद्यादान-महादान के संचालक अजय ग्रेवाल के संपर्क में आने पर मयंक ने इस परीक्षा के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया और महज 6 माह में ही सफलता हासिल की। चेयरपर्सन सरोज राठी ने भी उसे बधाई और शुभकामनाएं दी। विद्यादान-महादान और भगत सिंह मैत्री संस्था द्वारा निशुल्क चलाए जा रहे कोचिंग सेंटर की सराहना की।

अजय ग्रेवाल ने युवाओं से जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्रता और परिश्रम के साथ उसे पाने में जुटे जाने का आह्वान किया। भगत सिंह मैत्री संस्था के प्रधान प्रदीप यादव ने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने वैश्य संस्थान में निशुल्क कोचिंग के स्थान प्रदान देने का प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर पार्षद ज्योति रोहिल्ला, सत्येंद्र दहिया, संदीप, राजेश खत्री, प्रवीण मान व प्रदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। मयंक को शुभकामनाएं देती चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य।

# विद्यार्थियों को साइबर ठगी और नशे के दुष्प्रभाव बताए



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

**बहादुरगढ़।** सामुदायिक पुलिसिंग सेल व आईडीटीआर की संयुक्त टीम द्वारा शहर में स्थित त्रिवेणी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को चलचित्र के माध्यम से यातायात के नियमों के बारे में बताया गया। नशे के दुष्प्रभाव और महिला विरुद्ध अपराध के बारे में भी जानकारी दी गई। सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने साइबर क्राइम से बचने के तरीकों के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज का युग तकनीकी है। साइबर ठगी करने वाले भी नए नए तरीके अपना रहे हैं। इसलिए हमें किसी भी अज्ञात नंबर से आई वीडियो कॉल रिसीव नहीं करनी चाहिए और किसी प्रकार का लिंक आए तो उसको न खोलें। अगर कोई हमसे हमारी गोपनीय जानकारी पूछता है तो न बताएं। नशा समाज में बेहद गंभीर समस्या है। इससे दूर रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

# ग्राम स्तर पर गठित होंगी सिविल डिफेंस टीमें : डीसी

■ जिला प्रशासन ने मिशन मोड में कार्य शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिलेभर में ग्राम स्तर पर सिविल डिफेंस कमेटी बनाई जाएगी। इसके लिए प्रशासन ने मिशन मोड में कार्य शुरू किया हुआ है। प्रथम चरण में पिछले रविवार को मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षित किए गए हैं। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि जिलेभर में ग्राम स्तर पर गठित सिविल डिफेंस की टीमें आपदा की हर स्थिति में स्थानीय स्तर पर त्वरित सहायता, जन-जागरूकता और समुदाय की सेवा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने जिलावासियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे आगे आकर सिविल डिफेंस टीम का हिस्सा बनें और समाज सेवा में सक्रिय योगदान दें।

विशेषकर युवा, पूर्व सैनिक, अर्द्ध सैनिक, सेवानिवृत अधिकारी, कर्मचारी, डॉक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस सहित ऐसे पुरुष और महिला जो समाज और देश के लिए कुछ अच्छा करने की इच्छा शक्ति रखते हैं। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में सबसे बड़ी ताकत समाज की एकजुटता और जागरूकता होती है। इसी सोच के तहत गांवों में नागरिकों को संगठित कर सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की टीम तैयार की जा रही है।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।



# युग का 'कराटे किडः लीजेंड्स' से होगा डेब्यू

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्मों 'द लॉयन किंग' और 'मुफासा' में अभिनेता शाहरुख खान के अपने बेटों के साथ मुख्य किरदारों की डबिंग करने के बाद अब अभिनेता अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ ऐसा ही कुछ हॉलीवुड की नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' में करने जा रहे हैं। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अजय देवगन मिस्टर हान की आवाज बनेंगे जबकि उनके बेटे युग देवगन को ली फॉन्ग की आवाज के रूप में सुना जा सकेगा। ये फिल्म इसी महीने रिलीज हो रही है। हॉलीवुड फिल्मों के डब संस्करणों की भारत में हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी खूब लोकप्रियता रही है।



लाइफ Style

# सामंथा

## मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं।


सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

हॉलीवुड मसाला



# 'एफ-1' का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए। एफ1 एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इदरीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।



# रॉबर्ट डी नीरो 'पाल्मे डी ओर' से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉर्ड्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि, दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था।



# शादी, धोखा, इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं।



# आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की।

टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

नई दिल्ली। टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस' और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी' इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया' ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

## टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती


**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मसल्स वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिती शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिती नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।



# भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

**फिल्म का बजट :** 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।



### बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

# कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

*नई दिल्ली। पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।*

### 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले



और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर" डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

### रोजा



'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।



### हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।



## 78वां कान फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 24 मई तक चलेगा यह इवेंट

# आलिया करेंगी डेब्यू; ऐश्वर्या से लेकर करण जौहर तक आएंगे नजर

*पेरिस। मंगलवार 13 मई 2025 से कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है, यह इवेंट 24 मई तक चलेगा। 78वां कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।*

### आलिया का कान में डेब्यू



78वें कान में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन और फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया सहित कई चर्चित भारतीय फिल्म हस्तियां अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेंगी। यूं तो इस फिल्म फेस्टिवल में सबकी निगाहें ऐश्वर्या राय पर रहती हैं। वे करीब 20 साल से भी अधिक समय से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही हैं। मगर, इस बार आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया भट्ट इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। वे कान के रेड कार्पेट पर लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर नजर आएंगी। इनके अलाव जैकलीन फर्नांडिस और उर्वशी रौतेला के भी शामिल होनी की खबर है।

### शर्मिला टैगोर भी लेंगी हिस्सा



अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। वहीं, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कान फिल्म बाजार में प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे में अनुपम भी फेस्टिवल में हिस्सा ले सकते हैं।





***जूरी सदस्यों में शामिल पायल कपाड़िया :*** इस बार यह भारतीय सिनेमा के लिए कान में गर्व का पल है। दरअसल, पिछले साल की ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया इस बार कान फेस्टिवल में जूरी सदस्यों में शामिल हैं।

***कान में पहली बार दिखाई गई यह भारतीय फिल्म :*** 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। फिल्म 'नीचा नगर' ने पहली बार अपनी उपस्तिथि कान में दर्ज कराई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। बता दें कि ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है।

***सिमी ग्रेवाल ने अपने कान रेड कार्पेट लुक की दिखाई झलक :*** निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि(1970)' के रीस्टोर वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल में होने वाली है।

### नीरज घेवन की 'होमबाउंड' की कास्ट



इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' का भी चयन हुआ है। फेस्टिवल में फिल्म की कास्ट मौजूद रहेगी। निर्माता करण जौहर भी शामिल होंगे। इनके अलावा दोनों मुख्य कलाकार जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।

### इंफ्लुएसंर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी।




झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित बारहवीं कक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थी।


झज्जर। विद्यार्थियों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए निदेशक सोमबीर कोडान।


झज्जर। बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर खुशी से उछलती हुई छात्राएं।


बहादुरगढ़। शत प्रतिशत परिणाम पर खुशी जाहिर करते एमडीएस के विद्यार्थी।

### सीबीएसई परीक्षा परिणाम आने पर स्कूलों में झूमे विद्यार्थी

# सिंगापुर की ट्रिप पर जाएंगे जीडी गोयनका के टॉपर विद्यार्थी जिले में उत्कृष्ट रहा परिणाम व पिंकी के संगीत में 99 अंक

बेहतर परीक्षा परिणाम पर कहीं बंटी मिठाईयों तो कहीं विद्यार्थियों के साथ जश्न में शामिल हुए शिक्षक, पैरामाउंट छुछकवास का उत्कृष्ट प्रदर्शन, एसकेजी भाकली में बारहवीं के छात्र छाए, एमआर हसनपुर में 40 छात्रों के 70 प्रतिशत से अधिक अंक, एलए स्कूल में भाविका ने किया टॉप, मॉडर्न में याशु, कोमल व तृप्ती छाई, माउंट व्यू की खुशी के हिंदी में 100 में से 100 अंक, एमडीएस का शानदार परीक्षा परिणाम, दा हाइट्स में सरिता यादव प्रथम व हर्ष द्वितीय, श्री स्वामी समर्थ का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम, विजय स्कूल की दीपांविता 10वीं में प्रथम, न्यू हाइटस के 11 विद्यार्थियों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक, सनातन धर्म सीसे के सभी छात्र मेरिट में पास, बाल विकास की रिया के ह्यूमेनिटी में 94 अंक, जय मॉडर्न दुल्हेडा की साक्षी ने 12वीं में प्राप्त किए 94 प्रतिशत अंक।


बहादुरगढ़। बेहतर परिणाम लाने वाले श्री स्वामी समर्थ स्कूल के विद्यार्थी।

## 12वीं के विज्ञान संकाय में रजत ने हासिल किए कुल 488 अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एसकेजी स्कूल भाकली में बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल के छात्र रजत ने विज्ञान संकाय में 500 में से 493 अंक लेकर राज्य स्तरीय टॉप टेन में जगह बनाई। शिक्षा समिति के प्रधान राय सिंह ने बताया कि नवदीप शर्मा ने 488 अंक लेकर विद्यालय में दूसरा स्थान तथा शुभम ने 478 अंक लेकर स्कूल में तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि कुल 114 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर एसकेजी शिक्षा समिति के प्रधान राय सिंह, संचालक श्याम सिंह एवं प्रधानाचार्य पवन कुमार ने रजत को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


झज्जर। शिक्षकों के साथ विजय चिन्ह बनाते विद्यार्थी

## 12वीं में 40 विद्यार्थियों के 70% से अधिक अंक

**झज्जर।** एमआर स्कूल हसनपुर के विद्यार्थियों का दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत्-प्रतिशत रहा। बारहवीं कक्षा में कुल 72 विद्यार्थियों में से 3 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 18 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 40 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। विद्यालय के निदेशक सोमबीर कोडान ने बताया कि साइंस संकाय में महक रानी ने 95.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, रोहित ने 91.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा अंजलि ने 90.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉमर्स संकाय में तनु 87 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रही। कला संकाय में अराधना 88.2 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर रही। दसवीं कक्षा में 63 विद्यार्थियों में से 4 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 9 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर, तथा 23 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। विद्यालय की छात्रा प्रिया व आरजू ने प्रथम, अर्चना ने द्वितीय व केशवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की निदेशिका संगीता कोडान, उपनिदेशक सुभाषचंद्र यादव, प्राचार्या नेहा शर्मा ने भी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दसवीं कक्षा में 27 विद्यार्थियों के 80% से अधिक अंक

**झज्जर।** पैरामाउंट स्कूल छुछकवास का दसवीं और बारहवीं कक्षा सीबीएसई के मंगलवार को घोषित परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बाहरवीं में 17 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। संस्था के निदेशक इंद्रजीत फौगाट ने बताया कि दसवीं कक्षा में 27 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उन्होंने ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक दूसरे को बधाई दी।


बहादुरगढ़। टॉपर वंशिका के साथ जीडी गोयनका स्कूल का स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि।

## जीडी गोयनका का टॉपर्स को बड़ा तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने कहा कि स्कूल के टॉपर्स को मैनेजमेंट की तरफ से सिंगापुर ट्रिप दिया जाएगा।

कक्षा बाहरवीं में स्कूल की छात्रा वंशिका (कला संकाय) ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विज्ञान संकाय के सक्षम राठी व वाणिज्य संकाय में कार्तिक ने स्कूल में टॉप किया। कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। दसवीं में ईशान जैन ने 97.2 प्रतिशत अंक अर्जित करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अनुशासन, लगन और निरंतर अभ्यास से हर लक्ष्य हासिल किया है। यह सफलता उनकी अगली उड़ान की मजबूत नींव बनेगी।

## स्वामी समर्थ की कला संकाय में प्रियांशी स्कूल टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं कक्षा के परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। प्रिंसिपल किशोर कुमार शर्मा के मुताबिक, विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल चेयरमैन अभिषेक छिल्लर ने बच्चों व शिक्षकों को बधाई दी।

विज्ञान संकाय 12वीं में रजत ने प्रथम, समीक्षा ने द्वितीय और मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में प्रियांशी ने प्रथम स्थान, पिंकी ने द्वितीय और इशिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंग्रेजी में शिवेन धनखड़ ने 93, प्रियांशी और लक्षिता भारद्वाज ने 92, मुस्कान ने 91 फीसद अंक प्राप्त किए। हिंदी में पिंकी ने 92 फीसद अंक प्राप्त किए। शारीरिक शिक्षा में रजत ने 93, प्रियांशी और समीक्षा ने 90 अंक प्राप्त किए। संगीत में पिंकी ने 99, समीक्षा ने 96, प्रियांशी ने 93 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर रही।

## बेहतर परिणाम आने पर खुशी जताई, दी बधाई

**बहादुरगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। स्कूल के 26 छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास हुई हैं। 16 छात्राओं ने योग्यता सूची में स्थान प्राप्त किया है। प्रिंसिपल श्रीओम राठी के अनुसार, कला संकाय की सोनम ने 500 में से 464 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम तो 460 अंक लेकर आरती ने दूसरा स्थान पाया। वहीं इशा ने तीसरा स्थान पाया है। बेहतर परिणाम आने पर सनातन धर्म शिक्षा समिति के प्रधान जगदीश एलावाधी, महासचिव अशोक दुआ ने बच्चों तथा शिक्षकों को बधाई दी है।

## प्राजंल अहलावत ने स्कूल में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

न्यू हाइटस स्कूल फॉर कंपीटिशन का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कुल 101 विद्यार्थियों में से 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। 33 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा सभी शेष विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। मुख्याध्यापक रोहताश सिंह ने बताया कि छात्रा प्राजंल अहलावत ने 500 में से 482 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम, तमन्ना 500 में से 474 अंक लेकर द्वितीय व सिमरन ने 500 में से 472 लेकर तृतीय रही। विद्यालय निदेशक बालेश कादियान, मनोज भारद्वाज, अश्वनी खासा, उपमुख्याध्यापिका उर्मिल बेनीवाल ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


होनहार छात्रा प्रांजल अहलावत।

## विजय स्कूल के बच्चों का परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बहादुरगढ़।** सीबीएसई के दसवीं, 12वीं कक्षा के परिणाम में विजय स्कूल के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दसवीं में दीपांविता ने 98.8 फीसद अंक लेकर पहला, सोनी ने 98.4 अंक लेकर दूसरा तथा 98.2 अंक के साथ जिया व रिद्धिमा तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा बारहवीं के वाणिज्य संकाय में रिया बतरा ने 96.2 अंक लेकर पहला, मनीराज 96 फीसद ने दूसरा, 95.4 फीसद अंक के साथ यश ने तीसरा स्थान पाया। विज्ञान संकाय में रिया 93.8, यशिता 93.6 तथा हर्षिता 92.8 फीसद अंक के साथ क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। जबकि कला संकाय में कनिष्का 95.6 पहले, गीतिका 95.4 दूसरे तथा दीक्षा 94.6 फीसद तीसरे स्थान पर रही। प्रिंसिपल रुपाक्षी नारंग ने इस बेहतर परिणाम के लिए बच्चों व शिक्षकों को बधाई दी।

## एलए स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बारहवीं आर्ट्स में छात्रा भाविका नें 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। साइंस में हर्ष ने 93.4, कॉमर्स में रितिका ने 92.2 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया। छाया, नितिका, तेजस्वनी, खुशी इंदौरा, दीपिका, निकिता जांगड़ा ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने बताया तीनों स्ट्रीम में 72 में से 38 विद्यार्थियों ने मैरिट में अपना स्थान बनाया। 10वीं में 42 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया। 16 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्र तुषार ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल में प्रथम, छात्रा धृती ने 94.6 अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। इनके अलावा वंशिका, द्विया, नमन, रितिका, रिया, प्रशांत सेन, राशि, रिंकी व खुशी ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।



## एमडीएस का शानदार रहा परिणाम

**बहादुरगढ़।** ग्रामीण आंचल में स्थित एमडीएस शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल जसौर खेड़ी का 12वीं कक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। प्रिया ने 87.8 प्रतिशत, तानिया ने 87.6, खुशी ने 86.8, अंशु ने 86, कोमल ने 82.6, नेहा ने 81.2, निधि ने 79.4, दीक्षा ने 78.8, शरद कुमार ने 78.8, खुशी ने 78.2, तनिष्का ने 78, तनु ने 77.02, दीपाली ने 77 और सागर ने 75.02 प्रतिशत अंक अर्जित किए। स्कूल निदेशिका कविता देशवाल व प्रिंसिपल राजबाला देशवाल ने भविष्य में ज्यादा परिश्रम व ज्यादा अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी बच्चों व स्टाफ के साथ ही अभिभावकों को भी बधाई व शुभकामनाएं दी।

## बाल विकास स्कूल के विद्यार्थी भी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित किए गए बोर्ड परीक्षा परिणाम में बाल विकास स्कूल के छात्र छाए रहे। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ पूनम चौधरी ने बताया कि स्कूल के 71 बच्चों ने 12वीं और 91 बच्चों ने दसवीं की परीक्षा पास की।

ह्यूमेनिटी में रिया ने 94 प्रतिशत, खुशी ने 92.6 और गूंजन ने 90.4 फीसद अंक हासिल किए। नॉन मेडिकल में प्रीति ने 82 प्रतिशत, कॉमर्स में प्रवेश भंडारी ने 82.6, सिद्धि ने 82.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। दसवीं में साक्षी ने 96.2 प्रतिशत, अजय ने 96 तथा अर्पण ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंग्लिश में देवांश ने 96 अंक, कंप्यूटर में अर्पण व देवांश ने 100 अंक, हिंदी में साक्षी ने 98 अंक, अजय ने गणित में 99 अंक, अजय ने सामाजिक विज्ञान में 98 अंक, अजय ने साइंस में 95 अंक हासिल किए।

स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ सीमा छिल्लर व प्रधानाचार्या डॉ पूनम चौधरी ने सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दी।


बहादुरगढ़। बाल विकास स्कूल के दसवीं कक्षा के टॉपर। फोटो : हरिभूमि

## साल्हावास खंड के सात, बादली के पांच गांवों की वोटर लिस्टों का अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- बादली में लगरपुर के वार्ड तीन, देसलपुर के वार्ड 2 में पंच के लिए होगा उपचुनाव, एमपी माजरा में सरपंच के लिए होगा उपचुनाव।

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि खंड बादली के गांव लगरपुर के वार्ड संख्या 3 और गांव देसलपुर के वार्ड संख्या 2 में पंच पद के लिए उपचुनाव होना है। वहीं गांव बादली, एमपी माजरा और ग्राम पंचायत फैजाबाद में सरपंच और पंच पदों के लिए आम चुनाव होना हैं। गांव लगरपुर और देसलपुर में पंच पद के लिए उप चुनाव और ग्राम पंचायत बादली, एमपी माजरा और ग्राम पंचायत फैजाबाद में सरपंच पदों के लिए वार्ड वाईज मतदाता सूची तैयार कर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय बादली में इन गांवों की मतदाता सूची देख सकता है। उन्होंने बताया कि खंड साल्हावास की सात ग्राम पंचायतों जिसमें अंबोली वार्ड 5, ढाणी साल्हावास वार्ड 1, गिरधरपुर वार्ड 2, बिरहड़ वार्ड 4, कासनी वार्ड 6, निलाहेड़ी वार्ड 3 और ग्राम पंचायत जटवाड़ा के वार्ड नंबर 7 में पंच पदों को भरने के लिए पंचायत उपचुनाव 2025 के लिए पंचायतों की वार्ड अनुसार मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया है। कोई भी व्यक्ति इन सूचियों का उपायुक्त कार्यालय, डीडीपीओ कार्यालय व बीडीपीओ कार्यालय साल्हावास में अवलोकन कर सकते हैं।


बहादुरगढ़। मॉडर्न स्कूल के टॉपर विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## मॉडर्न की याशु, कोमल व तृप्ती ने किया कमाल

**बहादुरगढ़।** मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने सीबीएसई की कक्षा 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। याशु ने 96 प्रतिशत, कोमल ने 95 प्रतिशत तथा तृप्ती पाण्डेय ने भी 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अंग्रेजी में याशु ने 99, हिन्दी में कोमल ने 96, भौतिक शास्त्र में सारिका ने 86, रसायन शास्त्र में 95, संगीत में छात्रा याशु ने 98, गणित में 84 प्रतिशत, बीएसटी में कोमल ने 96, वाणिज्य शास्त्र में 95, अर्थशास्त्र में 99, राजनीतिक शास्त्र में तृप्ति पाण्डेय ने 95 तथा याशु ने भौगोलिक विज्ञान में 92 अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य अरूणेश कुमार, स्कूल निदेशक राकेश कोच व उप-प्रधानाचार्या सरिता कुमारी आदि ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए होनहार बच्चों को विशेष उत्सव पर पुरस्कृत करने का आश्वासन दिया।

### सात ने 85 और 13 ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक किए प्राप्त

## दा हाइट्स स्कूल में बारहवीं में सरिता व दसवीं में रिया रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दा हाइट्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुड्डन का दसवीं व बारहवीं कक्षा का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के निदेशक नवींद्र कुमार ने बताया कि 12वीं कक्षा में सरिता यादव 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम रही जबकि हर्ष ने 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सात विद्यार्थियों ने 85 फीसदी से अधिक तथा 13 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए।

कुल 25 में से 22 विद्यार्थियों ने 70 फीसदी से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। दसवीं कक्षा में रिया सैनी ने 96 प्रथम अंक प्राप्त कर प्रथम, रितिका ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा मयंक यादव ने 92.6 प्रतिशत तथा डिंपल ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुल 32 विद्यार्थियों में से 28 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

इस दौरान प्राचार्य जितेंद्र कुमार व विकास कुमार ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम पर उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए निदेशक नवींद्र कुमार।


झज्जर। उत्तीर्ण विद्यार्थियों के साथ उपस्थित शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## साक्षी रही 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम

**झज्जर।** जय मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुल्हेडा का 12वीं कक्षा का वार्षिक परिणाम शानदार रहा। कुल 59 विद्यार्थियों में से 29 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया। साक्षी ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि चेतना 92 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय रही। इसके अलावा नमिता ने 90 प्रतिशत अंक तथा मुस्कान, कनन, दिशा, खुशी, रितिका, प्रीती, शिवानी, प्रियंका, मुस्कान, भूमिका, तन्नू, विक्की, दीपांशु, मयंक आदि ने बेहतरीन अंकों के साथ मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया। स्कूल निदेशक शुगन कुमार तथा रोहित शर्मा ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शत प्रतिशत रहा माउंट व्यू का परिणाम

### 12की परीक्षा में खुशी के हिंदी में 100 में से 100 अंक


बहादुरगढ़। शत प्रतिशत परिणाम के बाद स्कूल प्रबंधन के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

माउंट व्यू स्कूल में कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठता भी दिखाई। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर व प्रधानाचार्य सुरेंद्र छिल्लर ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बारहवीं कक्षा में कला संकाय की खुशी ने हिंदी में 100 अंकों में से 100 अंक प्राप्त किए। कई विद्यार्थियों ने 95 से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय में खुशी, हिमांशु, हर्ष, रितिका, मेघा ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कॉमर्स विषय में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम दिखाए। दसवीं कक्षा में हंसिका, यश, पलक, निशांत, अंशिका ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। हिंदी, अंग्रेजी तथा सामाजिक विज्ञान विषय में यश, अंशिका, निशांत, पलक, हंसिका ने 95 से अधिक अंक लिए।